**Series : Q4RSP**

**SET ~ 1**

रोल नं.

Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

**प्रश्न-पत्र कोड**

**Q.P. Code** **64/4/1**

# भूगोल (सैद्धान्तिक)

# GEOGRAPHY (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **70***

| **नोट / NOTE** | [] |
|---|---|
| (I) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **23 + 2** मानचित्र हैं।<br>Please check that this question paper contains **23** printed pages + **2** Maps. |
| (II) | प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।<br>Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) | कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।<br>Please check that this question paper contains **30** questions. |
| (IV) | **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**<br>**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.** |
| (V) | इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।<br>15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ**।*

*(iii)* ***खण्ड क** – प्रश्न संख्या **1** से **17** तक बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** – प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है।*

*(v)* ***खण्ड ग** – प्रश्न संख्या **20** से **23** तक लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **3** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 80 से 100 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

*(vi)* ***खण्ड घ** – प्रश्न संख्या **24** से **28** तक दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है। इन प्रश्नों के उत्तर 120 से 150 शब्दों में लिखा जाना चाहिए।*

*(vii)* ***खण्ड ङ** – प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **5** अंकों का है।*

*(viii)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

*(ix)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है। यद्यपि, खण्ड क और ख के अतिरिक्त सभी खण्डों के कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का चयन दिया गया है।*

## खण्ड क

*प्रश्न संख्या **1** से **17** बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *17×1=17*

**1.** निम्नलिखित में से किसने कहा था – ‘एशिया में बहुत अधिक स्थानों पर कम लोग और कम स्थानों पर बहुत अधिक लोग रहते हैं’ ?

(A) एलन सी. सेंपल

(B) जॉर्ज बी. क्रेसी

(C) विडाल-डी-ला ब्लाश

(D) ग्रिफ़िथ टेलर

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and follow them :*

*(i)* *This question paper contains* ***30*** *questions.* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *Question paper is divided into* ***five*** *sections –* ***Sections A, B, C, D*** *and* ***E****.*

*(iii)* ***Section A*** *– Questions no.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice Type Questions. Each question carries* ***1*** *mark.*

*(iv)* ***Section B*** *– Questions no.* ***18*** *and* ***19*** *are Source-based Questions. Each question carries* ***3*** *marks.*

*(v)* ***Section C*** *– Questions no.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions. Each question carries* ***3*** *marks. Answer to these questions shall be written in 80 to 100 words.*

*(vi)* ***Section D*** *– Questions no.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer Type Questions. Each question carries* ***5*** *marks. Answer to these questions shall be written in 120 to 150 words.*

*(vii)* ***Section E*** *– Questions no.* ***29*** *and* ***30*** *are Map-based Questions. Each question carries* ***5*** *marks.*

*(viii)* *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

*(ix)* *There is no overall choice given in the question paper. However, an internal choice has been provided in a few questions in all sections other than Section A and B.*

## SECTION A

*Question nos.* ***1*** *to* ***17*** *are Multiple Choice Type Questions.* *17×1=17*

**1.** Who among the following stated that 'Asia has many places where people are few and few places where people are very many' ?

(A) Ellen C. Semple

(B) George B. Cressey

(C) Vidal de la Blache

(D) Griffith Taylor

**2.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* नदी घाटियाँ विश्व के विरल जनसंख्या वाले क्षेत्र हैं।

*कारण (R) :* जल जीवन का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कारक है।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) दोनों (A) और (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

**3.** निम्नलिखित क्षेत्रों में से किसमें 'डेरी कृषि' सुविकसित है ?

(A) वेस्ट इंडीज़

(B) मेडागास्कर

(C) मलेशिया

(D) न्यूज़ीलैंड

**4.** 'कुटीर उद्योगों' की निम्नलिखित विशेषताओं को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

I. ये निर्माण की सबसे छोटी इकाइयाँ हैं।

II. इन इकाइयों में शिल्पकार स्थानीय कच्चे माल का उपयोग करते हैं।

III. सभी शिल्पकार विद्युत संचालित औज़ारों से वस्तु निर्माण करते हैं।

IV. ये स्वयं के लिए खपत एवं स्थानीय बाज़ारों के लिए उत्पाद तैयार करते हैं।

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं।

(B) केवल I, II और IV सही हैं।

(C) केवल I, III और IV सही हैं।

(D) केवल II, III और IV सही हैं।

**5.** निम्नलिखित में से कौन-सा वन-आधारित उद्योग का उदाहरण है ?

(A) वस्त्र-उद्योग (B) चीनी

(C) लाख (D) खाद्य तेल

**2.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option :

*Assertion (A) :* River valleys are sparsely populated areas of the world.

*Reason (R) :* Water is the most important factor for life.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**3.** In which of the following regions, 'dairy farming' is well-developed ?

(A) West Indies

(B) Madagascar

(C) Malaysia

(D) New Zealand

**4.** Read the following characteristics of 'cottage industries' carefully and choose the most appropriate option :

I. These are the smallest manufacturing units.

II. Artisans use local raw materials in these units.

III. All craftsmen use electrically powered simple tools for production.

IV. The products of these industries are mostly for own consumption or for local markets.

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only I, II and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.

(D) Only II, III and IV are correct.

**5.** Which one of the following is an example of forest-based industry ?

(A) Textiles (B) Sugar

(C) Lac (D) Edible oil

**6.** उत्तर भारत में खरीफ की प्रमुख फसलों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए।

(A) ज्वार, जौ, सरसों

(B) बाजरा, चना, सरसों

(C) चावल, जौ, चना

(D) चावल, ज्वार, बाजरा

**7.** निम्नलिखित में से सही सुमेलित युग्म का चयन कीजिए :

| | *(फसल)* | *(अग्रणी उत्पादक राज्य)* |
|---|---|---|
| (A) | मक्का | बिहार |
| (B) | जूट | पश्चिम बंगाल |
| (C) | मूँगफली | राजस्थान |
| (D) | सूरजमुखी | पंजाब |

**8.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये अभिकथन (A) और कारण (R) हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

*अभिकथन (A) :* हाल के दशकों में भारत की नगरीय जनसंख्या में तीव्र वृद्धि हुई।

*कारण (R) :* भारत में, श्रमशक्ति का खेत-आधारित से ग़ैर-खेत-आधारित रोज़गारों की ओर स्थानांतरण हो रहा है।

**विकल्प :**

(A) दोनों (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) दोनों (A) और (R) सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

**9.** 'भारतीय-यूरोपीय' भाषा परिवार के प्रमुख वाक् क्षेत्रों से संबंधित सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

(A) मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक

(B) पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश

(C) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र

(D) गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक

**6.** Choose the correct option related to major Kharif crops of the North India.

(A) Jowar, Barley, Mustard

(B) Bajra, Gram, Mustard

(C) Rice, Barley, Gram

(D) Rice, Jowar, Bajra

**7.** Choose the correctly matched pair from the following :

| | *(Crop)* | *(Leading Producer State)* |
|---|---|---|
| (A) | Maize | Bihar |
| (B) | Jute | West Bengal |
| (C) | Groundnut | Rajasthan |
| (D) | Sunflower | Punjab |

**8.** Two statements are given below. They are Assertion (A) and Reason (R). Read both the statements carefully and choose the correct option.

*Assertion (A) :* In recent decades, the urban population of India has grown rapidly.

*Reason (R) :* In India, the workforce is shifting from farm-based to non-farm-based occupations.

**Options :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**9.** Choose the most appropriate option related to the major speech areas of the 'Indo-European' language family.

(A) Madhya Pradesh, Maharashtra, Karnataka

(B) West Bengal, Odisha, Andhra Pradesh

(C) Uttar Pradesh, Madhya Pradesh, Maharashtra

(D) Gujarat, Maharashtra, Karnataka

**10.** असम के निम्नलिखित तेल शोधन कारखानों को उनकी अवस्थिति के अनुसार पश्चिम से पूर्व की ओर व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए।

I. गुवाहाटी
II. नुमालीगढ़
III. बोंगाईगाँव
IV. डिग्बोई

**विकल्प :**

(A) I, III, II, IV
(B) I, III, IV, II
(C) III, I, IV, II
(D) III, I, II, IV

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'हरियाली परियोजना' का प्रमुख उद्देश्य है ?

(A) सिंचाई और मत्स्यपालन के लिए जल संरक्षण
(B) उद्योगों के लिए जल संरक्षण
(C) परिवहन के लिए धरातलीय जल उपलब्धता
(D) मनोरंजन के लिए धरातलीय जल उपलब्धता

**12.** रालेगॅन सिद्धि गाँव में जल संरक्षण के लिए किए गए निम्नलिखित उपायों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।

I. अंत:स्रावी तालाबों का निर्माण
II. तटबंधों की मरम्मत
III. पशुओं को थान पर चारा देने पर जोर
IV. 'वृद्ध मंडल' का गठन

**विकल्प :**

(A) केवल I, II और III सही हैं।
(B) केवल I, II और IV सही हैं।
(C) केवल I, III और IV सही हैं।
(D) केवल II, III और IV सही हैं।

**13.** 'स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना' का निर्माण निम्नलिखित में से किस संस्थान द्वारा किया गया ?

(A) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(B) राज्य राजमार्ग प्राधिकरण
(C) केंद्रीय लोक निर्माण विभाग
(D) सीमा सड़क संगठन

**10.** Arrange the following oil refineries of Assam according to their location from the west to the east and choose the correct option.

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | Guwahati | II. | Numaligarh |
| III. | Bongaigaon | IV. | Digboi |

**Options :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | I, III, II, IV | (B) | I, III, IV, II |
| (C) | III, I, IV, II | (D) | III, I, II, IV |

**11.** Which one of the following is the main objective of 'Haryali Project' ?

(A) Water conservation for irrigation and fisheries

(B) Water conservation for industries

(C) Surface water availability for transport

(D) Surface water availability for recreation

**12.** Read the following water conservation measures adopted in the Ralegan Siddhi village carefully and choose most appropriate option.

I. Constructing percolation tanks

II. Repairing the embankments

III. Emphasising stall-feeding of animals

IV. Formation of 'Old Mandals'

**Options :**

(A) Only I, II and III are correct.

(B) Only I, II and IV are correct.

(C) Only I, III and IV are correct.

(D) Only II, III and IV are correct.

**13.** Which one of the following institutions constructed the 'Golden Quadrilateral Project' ?

(A) National Highways Authority of India

(B) State Highway Authority

(C) Central Public Works Department

(D) Border Roads Organisation

**14.** 'कोट्टापुरम से कोल्लम' निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय जलमार्ग का विस्तार है ?

(A) राष्ट्रीय जलमार्ग 1

(B) राष्ट्रीय जलमार्ग 2

(C) राष्ट्रीय जलमार्ग 3

(D) राष्ट्रीय जलमार्ग 4

*नीचे दी गई तालिका का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और प्रश्न संख्या **15** से **17** तक के उत्तर लिखिए।*

***भारत : दशकीय जन्म दर, मृत्यु दर और प्राकृतिक वृद्धि दर, 1901 – 2011***

| दशक | अशोधित जन्म दर (प्रति 1000) | अशोधित मृत्यु दर (प्रति 1000) | प्राकृतिक वृद्धि दर (प्रति 1000) |
|---|---|---|---|
| 1901 – 1911 | 49·2 | 42·6 | 6·6 |
| 1911 – 1921 | 48·1 | 47·2 | 0·9 |
| 1921 – 1931 | 46·4 | 36·2 | 10·2 |
| 1931 – 1941 | 45·9 | 37·2 | 8·7 |
| 1941 – 1951 | 39·9 | 27·4 | 12·5 |
| 1951 – 1961 | 41·7 | 22·8 | 18·9 |
| 1961 – 1971 | 41·1 | 19·0 | 22·1 |
| 1971 – 1981 | 37·2 | 15·0 | 22·2 |
| 1981 – 1991 | 29·5 | 9·8 | 19·7 |
| 1991 – 2001 | 25·4 | 8·4 | 17·0 |
| 2001 – 2011 | 21·8 | 7·1 | 14·7 |

**15.** निम्नलिखित में से जनसंख्या वृद्धि की 'प्रावस्था-ग (III)' के समयान्तराल का चयन कीजिए।

(A) 1921 – 1951 (B) 1931 – 1961

(C) 1941 – 1971 (D) 1951 – 1981

**16.** निम्नलिखित में से किस दशक में अशोधित जन्म दर न्यूनतम दर्ज हुई ?

(A) 1971 – 1981 (B) 1981 – 1991

(C) 1991 – 2001 (D) 2001 – 2011

14. 'Kottapuram to Kollam' is the stretch of which one of the following National Waterways ?

(A) National Waterway 1

(B) National Waterway 2

(C) National Waterway 3

(D) National Waterway 4

*Study the table given below carefully and answer question nos.* ***15*** *to* ***17****.*

***India : Decadal Birth Rate, Death Rate and Rate of Natural Increase, 1901 – 2011***

| Decades | Crude Birth Rate (per 1000) | Crude Death Rate (per 1000) | Rate of Natural Increases (per 1000) |
|---|---|---|---|
| 1901 – 1911 | 49·2 | 42·6 | 6·6 |
| 1911 – 1921 | 48·1 | 47·2 | 0·9 |
| 1921 – 1931 | 46·4 | 36·2 | 10·2 |
| 1931 – 1941 | 45·9 | 37·2 | 8·7 |
| 1941 – 1951 | 39·9 | 27·4 | 12·5 |
| 1951 – 1961 | 41·7 | 22·8 | 18·9 |
| 1961 – 1971 | 41·1 | 19·0 | 22·1 |
| 1971 – 1981 | 37·2 | 15·0 | 22·2 |
| 1981 – 1991 | 29·5 | 9·8 | 19·7 |
| 1991 – 2001 | 25·4 | 8·4 | 17·0 |
| 2001 – 2011 | 21·8 | 7·1 | 14·7 |

15. Choose the duration of 'Phase-III' of population growth from the following.

(A) 1921 – 1951 (B) 1931 – 1961

(C) 1941 – 1971 (D) 1951 – 1981

16. The lowest crude birth rate was recorded in which of the following decades ?

(A) 1971 – 1981 (B) 1981 – 1991

(C) 1991 – 2001 (D) 2001 – 2011

**17.** निम्नलिखित में से किस प्रावस्था में जनसंख्या वृद्धि की प्राकृतिक वृद्धि दर लगातार बढ़ते हुए क्रम में है ?

(A) प्रावस्था-क

(B) प्रावस्था-ख

(C) प्रावस्था-ग

(D) प्रावस्था-घ

## खण्ड ख

*प्रश्न संख्या **18** एवं **19** स्रोत-आधारित प्रश्न हैं।* *2×3=6*

**18.** दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**मुक्त व्यापार की स्थिति**

व्यापार हेतु अर्थव्यवस्थाओं को खोलने का कार्य मुक्त व्यापार अथवा व्यापार उदारीकरण के रूप में जाना जाता है। यह कार्य व्यापारिक अवरोधों, जैसे सीमा-शुल्क को घटाकर किया जाता है। घरेलू उत्पादों एवं सेवाओं से प्रतिस्पर्धा करने के लिए व्यापार उदारीकरण सभी स्थानों से वस्तुओं और सेवाओं के लिए अनुमति प्रदान करता है।

भूमंडलीकरण और मुक्त व्यापार विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं को उन पर प्रतिकूल स्थितियाँ थोपते हुए तथा उन्हें विकास के समान अवसर न देकर बुरी तरह से प्रभावित कर सकते हैं। परिवहन और संचार तंत्र के विकास के साथ ही वस्तुएँ और सेवाएँ पहले की अपेक्षा तीव्रगति से एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँच सकती हैं। किंतु मुक्त व्यापार को केवल सम्पन्न देशों के द्वारा ही बाज़ारों की ओर नहीं ले जाना चाहिए, बल्कि विकसित देशों को चाहिए कि वे अपने स्वयं के बाज़ारों को विदेशी उत्पादों से संरक्षित रखें।

देशों को भी डंप की गई वस्तुओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है; क्योंकि मुक्त व्यापार के साथ इस प्रकार की सस्ते मूल्य की डंप की गई वस्तुएँ घरेलू उत्पादकों को नुकसान पहुँचा सकती हैं।

(18.1) 'भूमंडलीकरण' को परिभाषित कीजिए। *1*

(18.2) 'विश्व व्यापार' में परिवहन तंत्र के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। *1*

(18.3) 'मुक्त व्यापार' घरेलू उत्पादकों पर प्रतिकूल प्रभाव क्यों डाल सकता है ? *1*

**17.** The natural rate of increase is continuously in an increasing order in which of the following phase of population growth ?

(A) Phase-I

(B) Phase-II

(C) Phase-III

(D) Phase-IV

## SECTION B

*Question nos. **18** and **19** are Source-based Questions.* *2×3=6*

**18.** Read the given passage carefully and answer the questions that follow :

**Case for Free Trade**

The act of opening up economies for trading is known as free trade or trade liberalisation. This is done by bringing down trade barriers like tariffs. Trade liberalisation allows goods and services from everywhere to compete with domestic products and services.

Globalisation along with free trade can adversely affect the economies of developing countries by not giving equal playing field by imposing conditions which are unfavourable. With the development of transport and communication systems, goods and services can travel faster and farther than ever before. But free trade should not only let rich countries enter the markets, but allow the developed countries to keep their own markets protected from foreign products.


Countries also need to be cautious about dumped goods; as along with free trade, dumped goods of cheaper prices can harm the domestic producers.

(18.1) Define the term ‘globalisation’. *1*

(18.2) Explain the importance of transport system in ‘world trade’. *1*

(18.3) Why can ‘free trade’ adversely affect domestic producers ? *1*

**19.** दिए गए मानचित्र का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :





(19.1) मानचित्र पर दर्शाई गई नौपरिवहन नहर किन दो सागरों को जोड़ती है ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(19.2) इस नौपरिवहन नहर के सबसे उत्तरी एवं सबसे दक्षिणी पत्तनों के नाम लिखिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(19.3) मानचित्र पर अंकित खाड़ी 'A' का नाम लिखिए। *1*

**19.** Study the given map carefully and answer the questions that follow :




(19.1) The shipping canal shown on the map connects which two seas ? $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(19.2) Name the northernmost and southernmost ports of this shipping canal. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

(19.3) Name the bay marked 'A' on the map. *1*

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **19** के स्थान पर है।*

पनामा नहर के आर्थिक महत्त्व को स्पष्ट कीजिए। *3*

## खण्ड ग

*प्रश्न संख्या **20** से **23** लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *4×3=12*

**20.** "संसाधनों के लिए मानव प्रकृति पर प्रत्यक्ष रूप से निर्भर है।" उदाहरण सहित इस कथन को न्यायसंगत ठहराइए। *3*

**21.** (क) मानव विकास के स्तंभ के रूप में 'उत्पादकता' की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए। *3*


**अथवा**

(ख) मानव विकास के स्तंभ के रूप में 'सशक्तिकरण' की संकल्पना को स्पष्ट कीजिए। *3*

**22.** भारत में पल्ली एवं परिक्षिप्त ग्रामीण बस्ती में उदाहरणों सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। *3*

**23.** दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखिए : *3*

***जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत***




जन्म दर, मृत्यु दर और जनसंख्या वृद्धि के आधार पर जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की तृतीय अवस्था की व्याख्या कीजिए।

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***19****.*

Explain the economic significance of the Panama Canal. *3*

## SECTION C

*Question nos.* ***20*** *to* ***23*** *are Short Answer Type Questions.* *4×3=12*

**20.** "Human beings directly depend on nature for resources." Justify the statement with an example. *3*

**21.** (a) Explain the concept of 'productivity' as a pillar of human development. *3*


**OR**

(b) Explain the concept of 'empowerment' as a pillar of human development. *3*

**22.** Explain the difference between hamleted and dispersed rural settlements in India with examples. *3*

**23.** Study the given diagram carefully and answer the question that follows : *3*

***Demographic Transition Theory***




Explain the third stage of demographic transition theory on the basis of birth rate, death rate and population growth.

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **23** के स्थान पर है।*

'जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत' की तृतीय अवस्था की प्रमुख विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए। *3*

## खण्ड घ

*प्रश्न संख्या **24** से **28** दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं।* *5×5=25*

**24.** भारत में वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणों को स्पष्ट कीजिए। इस समस्या के समाधान के लिए उपाय सुझाइए। *2+3=5*

**25.** (क) "मिश्रित कृषि विश्व के विकसित भागों में की जाती है।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) "बाज़ार के लिए सब्जी खेती श्रम- और पूँजी-प्रधान है।" उदाहरणों सहित इस कथन की पुष्टि कीजिए। *5*

**26.** (क) 'बाह्यस्रोतन' को परिभाषित कीजिए। विकासशील देशों के लिए बाह्यस्रोतन के लाभों की व्याख्या कीजिए। *1+4=5*

**अथवा**

(ख) 'अंकीय विभाजक' को परिभाषित कीजिए। विकसित एवं विकासशील देशों के बीच अंकीय विभाजक में अंतर की व्याख्या कीजिए। *5*

**27.** (क) इंदिरा गाँधी नहर के कमान क्षेत्र में होने वाले लाभों की व्याख्या कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) समन्वित जनजातीय विकास परियोजना के कार्यान्वयन द्वारा भरमौर क्षेत्र को होने वाले लाभों की व्याख्या कीजिए। *5*

**28.** (क) 2009 से 2017 के मध्य भारत में निर्यात संघटन के बदलते प्रारूप का विश्लेषण कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) 2009 से 2017 के मध्य भारत में आयात संघटन के बदलते प्रारूप का विश्लेषण कीजिए। *5*

***Note :*** *The following question is for the* ***Visually Impaired Candidates*** *only in lieu of Question No.* ***23****.*

Explain the main characteristics of the third stage of 'demographic transition theory'. *3*

## SECTION D

*Question nos.* ***24*** *to* ***28*** *are Long Answer Type Questions.* *5×5=25*

**24.** Explain the main causes of air pollution in India. Suggest measures to solve the problem. *2+3=5*

**25.** (a) "Mixed agriculture is practised in the developed parts of the world." Support the statement with examples. *5*

**OR**

(b) "Market gardening is labour- and capital-intensive." Support the statement with examples. *5*

**26.** (a) Define the term 'outsourcing'. Explain the benefits of outsourcing for developing countries. *1+4=5*

**OR**

(b) Define the term 'digital divide'. Explain the difference of digital divide between developed and developing countries. *5*

**27.** (a) Explain the benefits of the Indira Gandhi Canal in its command area. *5*

**OR**

(b) Explain the benefits to the Bharmaur region through the implementation of the Integrated Tribal Development Project. *5*

**28.** (a) Analyse the changing pattern of export composition in India between 2009 to 2017. *5*

**OR**

(b) Analyse the changing pattern of import composition in India between 2009 to 2017. *5*

## खण्ड ङ

*प्रश्न संख्या **29** एवं **30** मानचित्र-आधारित प्रश्न हैं।* *2×5=10*

**29.** दिए गए **विश्व** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 25 पर) में, सात भौगोलिक लक्षणों को A, B, C, D, E, F और G के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से किन्हीं ***पाँच*** की पहचान कीजिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए। *5×1=5*

A. निर्वाहन संग्रहण का एक प्रमुख क्षेत्र

B. विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि का एक प्रमुख क्षेत्र

C. चलवासी पशुचारण का एक प्रमुख क्षेत्र

D. वाणिज्य पशुधन पालन का एक प्रमुख क्षेत्र

E. पार-महाद्वीपीय रेलमार्ग का एक टर्मिनल स्टेशन

F. एक प्रमुख समुद्री पत्तन

G. एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **29** के स्थान पर हैं।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(29.1) दक्षिणी अमेरिका में निर्वाहन संग्रहण के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.2) अफ्रीका में विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.3) एशिया में चलवासी पशुचारण के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.4) उत्तरी अमेरिका में वाणिज्य पशुधन पालन के एक प्रमुख क्षेत्र का नाम लिखिए।

(29.5) पार-साइबेरियन रेलमार्ग के सबसे पूर्वी टर्मिनल स्टेशन का नाम लिखिए।

(29.6) पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है।

(29.7) यूनाइटेड किंगडम के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

## SECTION E

*Question nos. **29** and **30** are Map-based Questions.* *2×5=10*

**29.** On the given political outline map of the **World** (on page 25), seven geographical features have been marked as A, B, C, D, E, F and G. Identify any ***five*** with the help of the following information and write their correct names on the lines drawn near them. *5×1=5*

A. A major area of subsistence gathering

B. A major area of extensive commercial grain farming

C. A major area of nomadic herding

D. A major area of commercial livestock rearing

E. A terminal station of trans-continental railway

F. A major sea port

G. A major international airport

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **29**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(29.1) Name a major area of subsistence gathering in South America.

(29.2) Name a major area of extensive commercial grain farming in Africa.

(29.3) Name a major area of nomadic herding in Asia.

(29.4) Name a major area of commercial livestock rearing in North America.

(29.5) Name the easternmost terminal station of Trans-Siberian railway.

(29.6) Name the place in Western Australia where a major sea port is located.

(29.7) Name the place of the United Kingdom where a major international airport is located.

**30.** दिए गए **भारत** के राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 27 पर) में, निम्नलिखित सात भौगोलिक लक्षणों में से किन्हीं ***पाँच*** को उपयुक्त चिह्नों द्वारा अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए : *5×1=5*

(30.1) चाय उत्पादन में अग्रणी राज्य

(30.2) तटीय महाराष्ट्र में लौह-अयस्क की खानें

(30.3) बिहार में स्थित एक तेल शोधन कारखाना

(30.4) पश्चिम बंगाल में स्थित कोयले की खानें

(30.5) आंध्र प्रदेश में स्थित एक प्रमुख समुद्री पत्तन

(30.6) तेलंगाना में स्थित एक अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन

(30.7) सबसे कम जनसंख्या घनत्व (2011) वाला राज्य

**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या **30** के स्थान पर हैं।*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :* *5×1=5*

(30.1) चाय उत्पादन में अग्रणी राज्य का नाम लिखिए।

(30.2) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ तटीय महाराष्ट्र में लौह-अयस्क की खानें स्थित हैं।

(30.3) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ बिहार में एक तेल शोधन कारखाना स्थित है।

(30.4) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ पश्चिम बंगाल में कोयले की खानें स्थित हैं।

(30.5) उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ आंध्र प्रदेश में एक प्रमुख समुद्री पत्तन स्थित है।

(30.6) तेलंगाना के उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय वायु पत्तन स्थित है।

(30.7) सबसे कम जनसंख्या घनत्व (2011) वाले राज्य का नाम लिखिए।

**30.** On the given political outline map of **India** (on page 27), locate and label any ***five*** of the following seven geographical features with the appropriate symbols : *5×1=5*

(30.1) The state leading in tea production

(30.2) The iron-ore mines in coastal Maharashtra

(30.3) An oil refinery located in Bihar

(30.4) The coal mines located in West Bengal

(30.5) A major sea port located in Andhra Pradesh

(30.6) An international airport located in Telangana

(30.7) The state having the lowest population density (2011)

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only in lieu of Question No. **30**.*

*Answer any **five** questions out of the following :* *5×1=5*

(30.1) Name the state leading in tea production.

(30.2) Name the place where the iron-ore mines are located in coastal Maharashtra.

(30.3) Name the place where an oil refinery is located in Bihar.

(30.4) Name the place where the coal mines are located in West Bengal.

(30.5) Name the place where a major sea port is located in Andhra Pradesh.

(30.6) Name the place of Telangana where a major international airport is located.


(30.7) Name the state having the lowest population density (2011).

प्रशन संख्या 29 के लिए

**For question no. 29**

WORLD-POLITICAL

विश्व-राजनीतिक



[]

प्रश्न संख्या 30 के लिए

For question no. 30

